<u>समापन भाषण</u>

कार्यकारी सभापति : माननीय नेता, सत्तारूढ़ दल, मंत्रीपरिषद् के माननीय सदस्यगण,माननीय उप नेता,सत्तारूढ़ दल,माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल,विभिन्न दलों के माननीय नेतागण,बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण

बिहार विधान परिषद् के 198वें सत्र का अब समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल पांच बैठकें आयोजित हुईं।

इस सत्र के लिए कुल 183 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिसमें 160 प्रश्नों को स्वीकृति प्रदान की गयी। कुल 75 प्रश्न उत्तरित हुए। वर्तमान सत्र के लंबित प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने हेतु सरकार से अनुशंसा करता हूं।

इस सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 38 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 20 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत की गईं। सभी सूचनाएं उत्तरित हुई ।

शून्यकाल की कुल 39 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें से 38 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया एवं 1 सूचना अस्वीकृत की गई।

निवेदन की कुल 44 सूचनाएं प्राप्त हुईं। सभी सूचनाएं स्वीकृत हुईं। सभी 44 निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति के सुपुर्द किया गया।

इस सत्र में नेशनल ई-विधान (नेवा) के माध्यम से माननीय सदस्यों द्वारा 6 तारांकित प्रश्न, 1 अतारांकित प्रश्न एवं 3 अल्पसूचित प्रश्न दिए गए। नेवा के माध्यम से कुल 47 तारांकित प्रश्न एवं 11 अल्पसूचित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए हैं। नेवा के माध्यम से 1 ध्यानाकर्षण सूचना प्राप्त हुई एवं 5 ध्यानाकर्षण सूचनाओं के उत्तर प्राप्त हुए हैं।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जन समाज की समस्याओं को समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखलायी है। सदन में महत्वपूर्ण विषयों पर वाद-विवाद में सहभागिता के लिए सदन के सभी माननीय सदस्यों एवं खास तौर से नवनिर्वाचित सदस्यों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं।

इस सत्र में निम्न विधेयक पारित किए गए --

(1) बिहार पंचायत राज (संशाधन) विधेयक, 2021
(2) आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021
(3) बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक, 2021
(4) बिहार खेल विश्वविद्यालय विधेयक, 2021
(5) बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2021
(6) बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2021
(7) बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय विधेयक, 2021
(8) बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2021

इस उच्च सदन में आपने अपनी गरिमा के अनुरूप बिना व्यवधान के जरिये राजकीय कार्यों के निष्पादन के साथ साथ जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस का संपादन किया है। सदन के सभी सदस्यों को इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, माननीय मंत्रीगण, माननीय उप नेतागण, सत्तारूढ़ दल, माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल तथा माननीय सदस्यगण विपक्षी दल का आभारी हूं क्योंकि इन्होंने अपने दायित्वों के प्रति अटूट निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को अपनी रिपोर्टिंग के माध्यम से प्रकाशित एवं प्रसारित करते हुए जन मानस के प्रति दायित्वों एवं सरोकारों को सफलतापूर्वक रखने का काम किया है।

अंत में, मैं बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से संसदीय कार्यों के संचालन में मेरा भरपूर सहयोग किया है। धन्यवाद ।